बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित सहायक प्राध्यापक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 54/2020, 57/2020, 63/2020 एवं 66/2020) के अन्तर्गत 04 विषयों – क्रमशः Chemistry, Geology, Physics एवं Mathematics की परीक्षा दिनांक 23.10.2022 को पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी। उक्त 04 विषयों की प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला 'A', 'B', 'C' एवं 'D' के सभी प्रश्नों के औपबंधिक उत्तर दिनांक 12.11.2022 से आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे।

उक्त 04 विज्ञापनों से सम्बन्धित परीक्षा में सम्मिलित (appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन उम्मीदवारों को उक्त विषयों के किसी भी प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला के किसी भी प्रश्न के औपबंधिक उत्तर पर किसी भी तरह की आपत्ति हो, तो वे इस सम्बन्ध में प्रामाणिक स्रोत/साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति/सुझाव नीचे दिये गये आपत्ति प्रपत्र में विज्ञापन संख्या, नाम, अनुक्रमांक एवं पता के साथ परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेंगे कि वह **दिनांक 21.11.2022 की संध्या 5.00 बजे तक** बिहार लोक सेवा आयोग में प्राप्त हो जाए। **लिफाफा पर परीक्षा का नाम एवं विज्ञापन संख्या अवश्य लिखें।** उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव पर विचार नहीं किया जायगा।

आयोग द्वारा दिये गये उत्तर पूर्णतः औपबंधिक (Provisional) हैं। आप सभी से नियत समय तक प्राप्त आपत्ति की गहन समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जायेगी और गहन समीक्षोपरान्त पुनः उक्त समिति द्वारा सभी प्रश्नों का अन्तिम आदर्श उत्तर तैयार किया जायेगा। विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा तैयार किये गये उस अन्तिम आदर्श उत्तर के आधार पर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन किया जायेगा।

आपत्ति प्रपत्र

सहायक प्राध्यापक लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा, विज्ञापन संख्या.......................

अनुक्रमांक .... **नाम** .... **विषय** .... **प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला** ....

क्र० सं०	प्रश्न संख्या	औपबंधिक उत्तर	उम्मीदवार द्वारा ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर कूटबद्ध किया गया (encoded) उत्तर	उम्मीदवार द्वारा सुझाया गया उत्तर	आपत्ति का आधार/स्रोत/साक्ष्य

उम्मीदवार का नाम एवं हस्ताक्षर (तिथि सहित)
उम्मीदवार का दूरभाष/मोबाइल सं०–

12.11.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना